सूचना और प्रसारण मंत्रालय

प्रसार भारती के साथ 75वां स्वतंत्रता दिवस मनाएं

प्रविष्टि तिथि: 13 AUG 2021 5:32PM by PIB Delhi

इस साल भारत के 75वें स्वतंत्रता दिवस को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाने के साथ, दूरदर्शन और आल इंडिया रेडियो लाल किले की प्राचीर से होने वाले माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भाषण का सीधा प्रसारण आप तक पहुंचाएंगे।

डीडी और एआईआर पर स्वतंत्रता दिवस समारोहों का प्रसारण स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर 14 अगस्त को शाम 7 बजे माननीय राष्ट्रपति श्री राम नाथ कोविंद के राष्ट्र के नाम संदेश के साथ शुरू होगा।

इस 15 अगस्त को दूरदर्शन पर स्वतंत्रता दिवस समारोहों के सजीव प्रसारण में 40 से ज्यादा कैमरों के दृश्य शामिल होंगे, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लाल किले पर तिरंगा फहराने के ऐतिहासिक पल को और भी समृद्ध व व्यापक बनाएंगे।

आल इंडिया रेडियो के राष्ट्रीय चैनल अंग्रेजी और हिंदी में पूरे समारोह की लाइव कमेंट्री आप तक पहुंचाएंगे। आल इंडिया रेडियो दिन भर विभिन्न देशभक्ति के और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रसारण करेगा।

दूरदर्शन चैनलों, डीडी नेशनल यूट्यूब चैनल पर मल्टीपल लाइव-स्ट्रीम्स पर हाई-डेफ्निशन व्यू में भव्य समारोहों के प्रसारण के अलावा, लाल किले की प्राचीर के 360 डिग्री व्यू, मनोरम परिदृश्य और दुर्लभ दृश्यों के साथ आपने स्मार्टफोन पर पूरी कवरेज भी पहुंचाई जाएगी।



ऐसा मंत्रमुग्ध करने वाला अनुभव आप तक पहुंचाने के लिए, दूरदर्शन ने 3 मल्टी-कैमरा ओबी वैन, 4 एचडी डीएसएनजी वैन और 40 कैमरे तैनात किए हैं। गतिशील कोण देने के लिए इन 40 कैमरों में से, 4 जिमी जिब्स पर और 1 हाइड्रॉलिक क्रेन (120 फुट) पर होगा। 1 आरएफ कैमरा रोप कैम पर और 1 आरएफ कैमरा बग्गी कैम पर होगा। दर्शकों को अलग-अलग दृश्य दिखाने के लिए 10 कैमरों में वाइड एंगिल लेन्स और 2 में फिश आई लेन्स लगे होंगे।

सुलभ और समावेशी कवरेज सुनिश्चित करने के लिए, प्रसार भारती ने राष्ट्रपति के राष्ट्र के नाम संदेश, प्रधानमंत्री मोदी के स्वतंत्रता दिवस भाषण और पूरे स्वतंत्रता दिवस समारोहों के कई क्षेत्रीय भाषाओं और सांकेतिक भाषा में प्रसारण की व्यवस्था की है। राष्ट्रपति के संदेश और पीएम के भाषण का सांकेतिक भाषा संस्करणों में प्रसारण डीडी भारती पर किया जाएगा। पीएम के भाषण के क्षेत्रीय भाषा में संस्करणों का दूरदर्शन के संबंधित क्षेत्रीय भाषा के चैनलों द्वारा प्रसारण उसी दिन (15 अगस्त) को रात 8 बजे किया जाएगा। पूरे स्वतंत्रता दिवस समारोह को अगले दिन (16 अगस्त) को सुबह 8 बजे क्षेत्रीय भाषा में कमेंट्री के साथ संबंधित डीडी चैनलों पर पुनः प्रसारित किया जाएगा। हिंदी पट्टी के चैनल पीएम के मूल भाषण को रात 8 बजे और पूरे स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का अगले दिन सुबह 8 बजे फिर से प्रसारित किया जाएगा।

विभिन्न राज्यों में स्थानीय डीडी चैनल और एआईआर स्टेशन माननीय राज्यपालों के संदेशों का प्रसारण करेंगे और अपने संबंधित राज्यों में स्थानीय स्वतंत्रता दिवस समाराहों को कवर करेंगे।

15 अगस्त को प्रसार भारती के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाइए! दूरदर्शन नेटवर्क, आल इंडिया रेडियो सेवाओं और हमारे डिजिटल प्लेटफॉर्म के विविध चैनलों के साथ हमसे सजीव जुड़िए!

डीडी नेशनल यूट्यूब चैनल - https://www.youtube.com/playlist?list=PLUiMfS6qzIMxGJdFoUqwuo7C8UBF6w1F7 पर उक्त उल्लिखित विभिन्न लाइव-स्ट्रीम्स की प्लेलिस्ट यहां पर है

*****

एमजी/एएम/एमपी/डीए

(रिलीज़ आईडी: 1745547) आगंतुक पटल : 118

इस विज्ञप्ति को इन भाषाओं में पढ़ें: English , Urdu , Marathi , Bengali , Punjabi , Tamil